दिनांक–14.03.2024
समय–7.10एएम
प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में पीएम स्वनिधि लाभार्थियों को करेंगे संबोधित।
- सीहोर में 105 करोड़ रूपये की लागत से बने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास संस्थान का हुआ लोकार्पण।
- प्रदेश में आज से शुरू होगी पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा और पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में कल प्लेऑफ़ में होंगे आमने–सामने।

पीएम– दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को योजना के अंतर्गत ऋण वितरित करेंगे। श्री मोदी दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के दो अतिरिक्त कॉरिडोर की आधारशिला भी रखेंगे। ये लाजपत नगर से साकेत–जी ब्लॉक कॉरिडोर और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर होंगे, जिनकी कुल लंबाई बीस किलोमीटर से अधिक होगी। प्रस्तावित गलियारों से कनेक्टिविटी में सुधार और यातायात सुगम होगा।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास संस्थान

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने सीहोर में "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास संस्थान" का लोकार्पण किया। यह देश का 9वॉ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास केन्द्र है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को सभी प्रकार की सुविधाएँ एक छत के नीचे उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास केन्द्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीहोर में निर्मित "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान" 105 करोड़ रुपए की लागत से 25 एकड़ के परिसर में तैयार हुआ है। इसमें दिव्यांगजनों के लिए सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाओं के साथ लगभग 6 करोड़ रुपए के उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं। इसमें 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री खरगौन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खरगौन के पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे खरगोन जिले के 571 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत के 6 विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। वे तात्या टोपे विश्वविद्यालय का भी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इन विश्वविद्यालयों के प्रारंभ होने से शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति का संचार होगा। क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, खण्डवा एवं बुरहानपुर

जिले के 83 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को शामिल किया जाएगा। इन महाविद्यालयों के लगभग 25 हजार छात्र–छात्राएं इस नये विश्वविद्यालय के अधीन उच्च शिक्षा ग्रहण करेंगे।

एनएचएआई – फास्टैग उपयोगकर्ता

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 15 मार्च से पहले दूसरे बैंक में फास्टैग स्थानांतरण करने के लिए परामर्श जारी किया है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या किसी दोहरे शुल्क से बचने में सहायता मिलेगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप, पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ता 15 मार्च के बाद बैलेंस को रिचार्ज या टॉप–अप नहीं कर पाएंगे। वे निर्धारित तिथि के बाद टोल का भुगतान करने के लिए अपने मौजूदा शेष का उपयोग कर सकते हैं।

स्कूल प्रवेश लाटरी

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह आज निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का शुभारंभ करेंगे। इसी दौरान 30 जिलों के करीब 33 लाख स्कूली छात्रों को 600 रुपये प्रति छात्र की दर से गणवेश की राशि भी ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी। प्रदेश में इस वर्ष करीब एक लाख 48 हजार बच्चों के अभिभावकों द्वारा आधार सत्यापन कर अपने पसंद के लगभग 23 हजार स्कूलों में बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किये गये हैं। दस्तावेज सत्यापन उपरांत ऑनलाइन लॉटरी में करीब 1.25 लाख बच्चे पात्र पाये गये हैं।

पर्यटन वायु सेवा

प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों तक पहुंच सुगम बनाने और दूरस्थ क्षेत्रों तक पर्यटन का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा और पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का शुभारंभ करेंगे। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन वायु सेवा का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। शुरुआत में 8 सीटर वाले 2 ट्वीन इंजन एयरक्राफ्ट चलाये जाएंगे। ऑपरेटर द्वारा प्रदेश के प्रमुख हवाई अड्डों इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, खजुराहो के साथ–साथ हवाई पट्टियों में से रूट का चयन किया जाएगा।

ईवी – वाहन योजना

भारी उद्योग मंत्रालय ने भारत में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों–ईवी की खरीद में तेजी लाने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम 2024 की घोषणा की है। मंत्रालय ने कहा कि योजना के अंतर्गत चार महीनों के लिए कुल पांच सौ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह योजना एक अप्रैल से 31 जुलाई तक चलेगी। इस योजना के अंतर्गत केवल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और थ्री–व्हीलर ही आएंगे, जिनमें पंजीकृत ई–रिक्शा, ई–कार्ट और एल–5 ऑटोमोबाइल शामिल हैं। मंत्रालय का अनुमान है कि इस योजना से 3 लाख 72 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को मदद मिलेगी।

आकाशवाणी– क्लाइंट्स मीट

आकाशवाणी भोपाल की विज्ञापन प्रसारण सेवा द्वारा आज क्लाइंट्स मीट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी विज्ञापन दाताओं तथा आकाशवाणी की पंजीकृत एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यशाला मे प्रचार प्रसार के लिए आकाशवाणी की व्यापक पहुंच, उपयोगिता तथा महत्व पर विभिन्न सत्रों के माध्यम से चर्चा की जायेगी।

विश्व किडनी दिवस

आज विश्व किडनी दिवस है। किडनी के स्वास्थ्य और इसके सामान्य कार्य को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है– सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य, जो गंभीर किडनी रोग के बढ़ते खतरों और विभिन्न स्तरों पर इन चुनौतियों से निपटने के लिए किडनी की समुचित देखभाल करने पर केंद्रित है।

डब्ल्यूपीएल–महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में डेल्ही डेविल्स अंक तालिका में शीर्ष पर रही और वह सीधे फाइनल में पहुंच गई है। पिछले चैंपियन मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में शुक्रवार को प्लेऑफ़ में आमने–सामने होंगे। रविवार को उसी स्थान पर टूर्नामेंट के फाइनल में मैच के विजेता का सामना डेल्ही डेविल्स से होगा। डेल्ही डेविल्स ने कल अपने अंतिम मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ में एसडीएम ने बैठक में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भगौरिया पर्व की आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।
- ग्वालियर उपनगर की 50 से अधिक कालोनियों में 4 करोड 19 लाख रूपये की लागत से विकास कार्यों का कल लोकार्पण किया गया जिससे 50 कॉलोनियों के 2500 से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।
- गुना जिले में पेयजल की आपूर्ति के लिए नए निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- पंचायत एवं ग्रामीण एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दमोह जिले के फतेहपुर में जय जय सरकार अजबधाम वार्षिक महोत्सव 2024 के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए।
- इंदौर जिले के किसानों का दल गुजरात के लिए रवाना हुआ। यह दल 17 मार्च तक गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर उन्नत खेती किसानी को देखेगा।
- डिंडोरी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कल निर्वाचन के संबंध में स्थैतिक निगरानी टीम और फ्लाइंग स्कवार्ड टीम की बैठक का आयोजन किया गया।
- राजगढ़ जिले में पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना के तहत जल कलश यात्रा का समापन गोपालपुरा में हुआ।
- पन्ना में लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र की एफएसटी और एसएसटी टीम को सी विजिल इंवेस्टिगेटर और ईएसएमएस एप का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

- मुरैना में जिला पंचायत के सभागार में समस्त योजनाओं एवं सहयोगी विभागों के समन्वय और पीएम जन–मन योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी।
- बैतूल में नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी अतिथि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिक्षक पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था।

————————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) मुख्यमंत्री - खरगौन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खरगौन के पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे खरगोन जिले के 571 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत के 6 विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। वे तात्या टोपे विश्वविद्यालय का भी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इन विश्वविद्यालयों के प्रारंभ होने से शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति का संचार होगा। क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, खण्डवा एवं बुरहानपुर जिले के 83 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को शामिल किया जाएगा। इन महाविद्यालयों के लगभग 25 हजार छात्र-छात्राएं इस नये विश्वविद्यालय के अधीन उच्च शिक्षा ग्रहण करेंगे।

### (2) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास संस्थान

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने सीहोर में "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास संस्थान" का लोकार्पण किया। यह देश का 9वॉ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास केन्द्र है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को सभी प्रकार की सुविधाएँ एक छत के नीचे उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास केन्द्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीहोर में निर्मित "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान" 105 करोड़ रुपए की लागत से 25 एकड़ के परिसर में तैयार हुआ है। इसमें दिव्यांगजनों के लिए सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाओं के साथ लगभग 6 करोड़ रुपए के उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं। इसमें 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### (3) पर्यटन वायु सेवा

प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों तक पहुंच सुगम बनाने और दूरस्थ क्षेत्रों तक पर्यटन का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पीएम श्री पर्यटन वायु

सेवा और पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का शुभारंभ करेंगे। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन वायु सेवा का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। शुरुआत में 8 सीटर वाले 2 ट्वीन इंजन एयरक्राफ्ट चलाये जाएंगे। ऑपरेटर द्वारा प्रदेश के प्रमुख हवाई अड्डों इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, खजुराहो के साथ-साथ हवाई पट्टियों में से रूट का चयन किया जाएगा।

(4) स्कूल प्रवेश - लाटरी

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह आज निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का शुभारंभ करेंगे। इसी दौरान 30 जिलों के करीब 33 लाख स्कूली छात्रों को 600 रुपये प्रति छात्र की दर से गणवेश की राशि भी ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी। प्रदेश में इस वर्ष करीब एक लाख 48 हजार बच्चों के अभिभावकों द्वारा आधार सत्यापन कर अपने पसंद के लगभग 23 हजार स्कूलों में बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किये गये हैं। दस्तावेज सत्यापन उपरांत ऑनलाइन लॉटरी में करीब 1.25 लाख बच्चे पात्र पाये गये हैं।

(5) एनएचएआई - फास्टैग उपयोगकर्ता

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 15 मार्च से पहले दूसरे बैंक में फास्टैग स्थानांतरण करने के लिए परामर्श जारी किया है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या किसी दोहरे शुल्क से बचने में सहायता मिलेगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप, पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ता 15 मार्च के बाद बैलेंस को रिचार्ज या टॉप-अप नहीं कर पाएंगे। वे निर्धारित तिथि के बाद टोल का भुगतान करने के लिए अपने मौजूदा शेष का उपयोग कर सकते हैं।

------------------------------